University in News on 15 July 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

10 प्रोफेसरों को सौंपा प्रोवोस्ट का कार्यभार

लखनऊ। लखनऊ विवि में दस प्रोफेसरों को अलग-अलग छात्रावास में प्रोवोस्ट व सहायक प्रोवोस्ट के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। सुभाष हॉल में प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री व सहायक प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी डॉ. आशीष अवस्थी को मिली है। हबीबुल्लाह हाल में प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी डॉ. अमरेंद्र कुमार और सहायक प्रोवोस्ट के रूप में डॉ. अनंत पांडेय व डॉ. हरिनाम सिंह को जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह से जहांगीर भाभा हॉल का प्रोवोस्ट डॉ. चंद्र शेखर राय और सहायक प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी डॉ. अनंत सिंह को सौंपी गई है। एलबीएस हॉल का सहायक प्रोवोस्ट ज्ञानेंद्र सिंह, कैलाश हाल का सहायक प्रोवोस्ट डॉ. रश्मि सिंह व परिधि किशोर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। (संवाद)

लविवि : 20 कोर्स के परिणाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत मंगलवार को 20 कोर्स के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी करते हुए परिणाम घोषित होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

शैव फिलॉसफी संकाय का नया सत्र शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स एंड शैव फिलॉसफी संकाय में सत्र शुरू होने के मौके पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सावन के पहले सोमवार को रुद्राभिषेक किया। नवीनीकृत प्रो. कांति चंद्र पांडेय सभागार का लोकार्पण हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि आदि देव शिव मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आराध्य रहे हैं, जो सुशासन के सर्वोच्च प्रतीक हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू में 10 हॉस्टल प्रोवोस्ट बनाए गए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सुभाष छात्रावास के प्रवोस्ट भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री और हबीबुल्ला छात्रावास का डॉ. अमरेंद्र कुमार को बनाया गया है। इसी तरह होमी जहांगीर भाभा छात्रावास का प्रवोस्ट डॉ. चंद्रशेखर राय को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कुल सात शिक्षकों को अलग-अलग छात्रावासों में असिस्टेंट प्रवोस्ट पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

कुलसचिव भावना मिश्रा का कहना है कि डॉ. आशीष को सुभाष, डॉ. आनंद पांडेय व डॉ. हरनाम सिंह को हबीबुल्ला और कैलाश छात्रावास का डॉ. रश्मि सिंह व डॉ. परिधि किशोर को सहायक प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। तीन वर्ष या अगले आदेशों तक पद पर बने रहेंगे।

HINDUSTAN PAGE 8

अभिनव संकाय में सभागार का उद्घाटन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ एस्थेटिक्स एंड शैव फिलॉसफी संकाय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रथम श्रावण सोमवार को रुद्राभिषेक पूजन के सत्र की शुरूआत की। इस दौरान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर भुवनेश्वरी भारद्वाज की मौजूदगी में नवीनीकृत प्रो. कान्ति चन्द्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण भी हुआ।

एलयू में तनाव प्रबंधन की मूल बातें बताईं

लखनऊ। एलयू के हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी, परामर्श, मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने मातृबोध परिवार की मदद से तनाव प्रबंधन और भावनात्मक स्थिरता पर कार्यशाला का आयोजन किया। ओएनजीसी भवन में कार्यशाला में वक्ता मैत्रेय दादाश्री के प्रत्यक्ष शिष्य मित्र जीव ने प्रेरक जीवन कथाओं और आध्यात्मिक शिक्षाओं से युक्त प्रवचन दिया। निदेशक प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी समेत अन्य मौजूद रहे।

लवि हास्टल के प्रोवोस्ट में हुआ बदलाव

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई हास्टल के प्रोवोस्ट में बदलाव कर दिया है। अब भौतिक विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. महेंद्र अग्निहोत्री को सुभाष हास्टल का नया प्रोवोस्ट बनाया गया है। अभी तक उनके पास हबीबुल्लाह हास्टल की जिम्मेदारी थी। उनके साथ सहायक प्रोवोस्ट के रूप में डा. आशीष अवस्थी होंगे। वहीं, हबीबुल्लाह हास्टल का प्रोवोस्ट डा. अमरेंद्र कुमार को बनाया गया है। इसी तरह होमी जहांगीर भाभा हास्टल के प्रोवोस्ट डा. चंद्रशेखर राय होंगे। उनके साथ सहायक प्रोवोस्ट के रूप में डा. आनंद सिंह होंगे। इसी तरह डा. ग्यानेंद्र सिंह एलबीएस हास्टल, डा. रश्मि सिंह और डा. परिधि किशोर कैलाश हास्टल की सहायक प्रोवोस्ट बनाई गई हैं।

20 कोर्सों के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 कोर्सों के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी किए हैं। इनमें बीवाक, एमबीए, एम.एससी न्यूट्रिशन, एमए इकोनामिक्स, पालिटिकल साइंस, अरेबिक, अरब कल्चर, साइकोलाजी, होम साइंस सहित विभिन्न कोर्स शामिल हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं। (जासं)

प्रवेश परीक्षा की तिथि बदली

लखनऊ : लवि ने सोमवार को पीजी प्रवेश परीक्षाओं की फाइनल समय सारिणी जारी कर दी है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि 21 जुलाई को दोपहर तीन बजे से शाम 4.30 बजे तक होने वाली हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन की प्रवेश परीक्षा अब 23 जुलाई को सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक होगी। बाकी तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। 25 कोर्सों की प्रवेश सूचना जल्द जारी की जाएगी। (जासं)

JAGRAN CITY PAGE III

विश्वविद्यालय संग कालेजों में लौटी रौनक, सेमेस्टर परीक्षाओं के बाद कक्षाएं शुरू

गर्मी की छुट्टियों के बाद सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर फिर से छात्र-छात्राओं से गुलजार हो गया। पहले दिन से ही भौतिक विज्ञान सहित अन्य विभागों में कक्षाएं शुरू हो गईं • सौजन्य से लवि

जागरण संवाददाता • लखनऊ : उच्च शिक्षा संस्थानों का सन्नाटा सोमवार को टूट गया। परिसर में करीब महीने भर बाद इतनी चहल-पहल रही। कक्षाएं भी खिली-खिलीं दिखीं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से परिचय कर औपचारिक क्लास शुरू की। वहीं, कई विद्यार्थी पेड़ों के नीचे बैठे बातचीत में लीन रहे तो कुछ फार्म भरने और फीस जमा करने में जुटे रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाओं के समापन के बाद कक्षाएं एक बार फिर शुरू हो गईं। हालांकि पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही। बी.एससी की कक्षाएं निर्धारित समय पर हुईं। पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बताया कि भौतिक विज्ञान विभाग में काम चल रहा है। इससे थोड़ी दिक्कत रही। बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र वंश आदित्य ने बताया कि वह केवल एक ही क्लास कर पाए, क्योंकि समाज कार्य विषय की क्लास भी सुबह 11 बजे ही थी। बी.काम की कक्षाएं समय से चलीं, लेकिन गिने-चुने छात्र-छात्राएं ही आए। जितने विद्यार्थी कक्षाओं में थे, उससे कहीं अधिक प्रशासनिक भवन और आस-पास रहे। कुछ विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी करने भी आए थे। बाराबंकी के विशाल तिवारी ने बताया कि छोटे भाई सक्षम को स्नातक में प्रवेश दिलाना है, इसलिए प्रक्रिया पता करने आए थे। विशाल कुलसचिव कार्यालय की ओर से गए तो सक्षम अन्य विद्यार्थियों से बातचीत करते रहे।

नेशनल कालेज में विद्यार्थियों ने भरे फार्म : नेशनल पीजी कालेज में भी सोमवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। परिसर में कई विद्यार्थी अलग-अलग समूह में प्रवेश फार्म भरते रहे। यहां एक हजार रुपये लेकर फार्म दिए जा रहे हैं।

कहीं प्रवेश की भागदौड़, कहीं जारी हुई कक्षाओं की समय सारिणी

करामत हुसैन गर्ल्स डिग्री कालेज

प्राचार्य हुमा ख्वाजा ने बताया कि इस बार जुलाई में भीड़ अपेक्षाकृत कम है। छात्राओं की संख्या 100 से 150 के बीच रही, लेकिन जो छात्राएं आई, उनमें नए सत्र को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। कालेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इसी माह तीन दिवसीय स्वागत समारोह का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसमें नवागंतुक छात्राओं का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। फरवरी में हम लोग जाब फेयर का आयोजन भी करेंगे।

खुन खुन जी गर्ल्स कालेज

सोमवार को नए सत्र की समय सारिणी जारी कर दी गई है। प्राचार्य प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि बीए की लगभग 100 छात्राएं कालेज पहुंचीं। 22 जुलाई को स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्राओं का अभिनंदन किया जाएगा। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

आइटी कालेज

प्राचार्य प्रोफेसर नीरजा मसीह ने बताया कि उनके यहां 10 जुलाई से सत्र की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है। प्रवेश जारी है। 21 जुलाई से सभी कक्षाएं नियमित रूप से शुरू होंगी। 21 से 23 जुलाई के बीच ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन होगा जिसमें छात्राओं को कालेज की व्यवस्था, नियम-कायदों, शिक्षकों और विभागों से परिचय कराया जाएगा।

नवयुग कन्या महाविद्यालय

प्राचार्य मंजुला उपाध्याय के अनुसार, कालेज में अभी केवल विज्ञान वर्ग की कुछ छात्राएं ही आई है। धीरे-धीरे छात्राओं की संख्या बढ़ेगी। प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इस समय द्वितीय व तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को बुलाया जा रहा है। प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए अगस्त में विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम होगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि कुलपति ने रुद्राभिषेक और नवीनीकृत भवन का किया लोकार्पण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी संकाय में सत्रारंभ के अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रथम श्रावण सोमवार को रुद्राभिषेक पूजन तथा नवीनीकृत प्रो. कांति चंद्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया। शिव, शक्ति तथा सौन्दर्यशास्त्रीय उच्च अध्ययन एवं शोध के लिए यूजीसी एडवांस्ड स्टडी सेंटर के रूप में अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी की स्थापना प्रो. कांति चंद्र पाण्डेय द्वारा की गयी थी। उनकी स्मृति में नवीनीकृत प्रो कांति चंद्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया गया। आदिदेव शिव मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आराध्य रहे हैं, जो सुशासन के सर्वोच्च प्रतीक हैं। विकसित भारत अभियान की सफलता में समावेश और समरसता के तत्वों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस संबंध में आचार्य अभिनव गुप्त के शैव तंत्र से जुड़े समावेश और समरसता के सिद्धांत की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। इन पहलुओं को देखते हुए राष्ट्र कल्याण के लिए अभिनव गुप्त संकाय में विद्वानों एवं अधिकारियों द्वारा शैव आगम परम्परा का अनुगमन करते हुए शिवार्चन का अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

NBT PAGE 6

एलयू में लॉ में दाखिला इस बार सबसे बड़ी चुनौती, लॉ के बाद बीसीए व बीकॉम ऑनर्स में हैं सबसे ज्यादा दावेदार

LLB ऑनर्स की एक सीट पर 32 अभ्यर्थी

Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के यूजी पाठ्यक्रमों में इस बार एलएलबी ऑनर्स में दाखिला पाना सबसे बड़ी चुनौती है। यहां एक सीट पर इस बार 32 दावेदार हैं जो यूजी के सभी कोर्सों में सर्वाधिक दावेदारी है। एलयू में एलएलबी ऑनर्स की 160 सीटें हैं, जिन पर दाखिले के लिए 5229 स्टूडेंट्स ने प्रवेश परीक्षा दी है। वहीं लॉ के बाद बीसीए में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी होने वाली है। यहां एक सीट पर 23 दावेदार हैं। इसके अलावा बीकॉम ऑनर्स और बीबीए में भी दस से अधिक दावेदार एक सीट पर हैं। विवि में इस बार प्रफेशनल कोर्सों में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी होने वाली है। विवि की ओर से प्रवेश परीक्षा के बाद जल्द ही रिजल्ट जारी किया जाएगा उसके बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी।

मिशन ऐडमिशन

लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी पाठ्यक्रमों में कुल 4200 सीटें हैं जिन पर इस बार काउंसलिंग होगी। इसमें दाखिले के लिए इस बार 32 हजार अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी है।

किस कोर्स में कितनी मारामारी

कोर्स	कुल सीटें	प्रवेश परीक्षा दी	एक सीट पर दावेदार
बीसीए	120	2748	23
बीकॉम ऑनर्स	180	3127	17
बीबीए	420	5232	12

ट्रेडिशनल कोर्स में BSc. बायो हिट

एलयू के ट्रेडिशनल कोर्सों की बात करें तो इस बार बीएससी बायोलॉजी में सबसे अभ्यर्थी हैं। बीएससी मैथ्स से भी ज्यादा बायोलॉजी में छात्रों ने रुचि दिखाई है। इसमें एक सीट पर 9 दावेदार हैं। विवि में बीएससी बायोलॉजी में कुल 350 सीटें हैं जिस पर दाखिले के लिए 3155 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसकी तुलना में बीएससी मैथ्स में आधे अभ्यर्थी हैं। यहां एक सीट में महज 4.4 अभ्यर्थी ही हैं। इसके अलावा बीकॉम की 690 सीटों पर 3824 ने प्रवेश परीक्षा दी है जिसके चलते एक सीट पर 5.5 अभ्यर्थी हैं। बीए में साल दर साल दाखिला लेने वालों की संख्या घटती जा रही है। इस बार बीए की 1400 सीटों पर दाखिले के लिए 4996 ने परीक्षा दी है जिसके चलते एक सीट पर 3.5 अभ्यर्थी ही हैं। नए कोर्सों में बीएससी एग्रीकल्चर इस बार से शुरू हो रहा है जिसकी 120 सीटों पर 553 ने प्रवेश परीक्षा दी है। इसमें एक सीट पर 4.6 अभ्यर्थी और बीवीए की एक सीट पर इस बार 6 दावेदार होंगे। डीफार्मा की एक सीट पर 4 दावेदार हैं।

LU में पहले दिन खुशियों की एंट्री

Photos: Sandeep Rastogi



लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र का आगाज हो गया। सत्र के पहले दिन ज्यादातर स्टूडेंट्स दोस्तों के साथ कैंपस पहुंचे। खुशनुमा मौसम के बीच पहला दिन थोड़ी पढ़ाई और थोड़ी गपशप में बीता।

रुद्राभिषेक के साथ में नए सत्र का आगाज़

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से नए सत्र का आगाज हो गया। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने नए सत्र के पहले दिन अभिनव गुप्त शोध संस्थान में रुद्राभिषेक कर सत्र की शुरुआत की। संस्कृत के शिक्षकों ने रुद्राभिषेक करवाया। कई विभागों में पहले दिन ही 90 फीसदी से अधिक छात्र उपस्थिति रहे। हालांकि कुछ में गिने चुने छात्र ही आए। पहले दिन जहां कैंपस में छात्र क्लासमेट्स के साथ घूमते नजर आए तो वहीं कई विभागों में छात्रों ने अपने शिक्षकों से मुलाकात की।

नए खुले कॉलेजों में 76% लॉ के

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्धता लेकर खुले नए कॉलेज

कॉलेज संचालक अब ट्रेडीशनल कोर्सों की जगह लॉ को दे रहे तरजीह

लॉ के पाठ्यक्रमों में दाखिलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। एलयू के दाखिलों में इसकी तस्दीक हो रही है। यही वजह है कि कॉलेजों भी ट्रेडीशनल कोर्स की जगह लॉ को तरजीह दे रहे हैं। शहर में नए लॉ कॉलेज भी तेजी से खुल रहे हैं। पिछले दो महीने में एलयू जितने नए कॉलेजों को संबद्धता दी है उसमें 76 फीसदी लॉ कॉलेज हैं। ऐसे में शहर में संचालित होने वाले कुल लॉ कॉलेजों में 30 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हो गया है। वहीं कई पुराने कॉलेज भी अब लॉ पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लैट में गिने चुने छात्र ही चयनित हो पाते हैं, ऐसे में बाकी छात्र अब कॉलेजों का रुख कर रहे हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले दो महीने में 17 नए कॉलेजों को संबद्धता दी गई है। इसमें 13 कॉलेज लॉ के हैं, जो शहर में नए खुले हैं। वहीं नेशनल समेत कई पुराने कॉलेज भी अब लॉ के पाठ्यक्रम शुरू कर रहे हैं। एलयू में अब तक लगभग 40 लॉ के कॉलेज थे, लेकिन दो महीने में नई संबद्धता देने के बाद अब इनकी संख्या 50 से भी अधिक हो चुकी है। नई संबद्धता में ज्यादातर कॉलेजों ने थ्री इयर के साथ फाइव इयर पाठ्यक्रम की भी संबद्धता ली है। एलयू के लॉ के प्रो. आरके सिंह ने बताया कि अब इंटर के बाद से ही स्टूडेंट सीधे लॉ में दाखिला ले रहे हैं, जबकि पहले ग्रैजुएशन के बाद स्टूडेंट लॉ का रुख करते थे। ऐसा इसलिए भी है कि बड़ी बड़ी लॉ फर्म अब छात्रों को जॉब ऑफर कर रही हैं। ऐसे में कोर्ट में प्रैक्टिस न करने अलावा भी छात्रों को अच्छे पैकेज पर जॉब मिल रही है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्यों बढ़ रहे लॉ के कॉलेज?

जीएसटी, लिटिगेशन, प्लीडिंग जैसे काम छात्र अब घर बैठे कर रहे हैं। लॉ की प्रैटिस में महज 40 फीसदी छात्र जा रहे हैं जबकि 60 फीसदी लॉ फर्म व अन्य विकल्पों को चुन रहे हैं। इस वजह से नए लॉ कॉलेज ज्यादा खुल रहे हैं। इसके अलावा कॉलेजों के मैनेजमेंट के लिए भी यह बेहतर विकल्प है। क्योंकि लॉ पढ़ाने के लिए कॉलेजों को लैब और महंगे उपकरणों पर खर्च नहीं करना पड़ता। कम इंवेस्टमेंट में कॉलेज की संबद्धता मिल जाती है। जबकि फार्मेसी व अन्य टेक्निकल कोर्सों में कॉलेजों को ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यही वजह है कि कॉलेज भी अब लॉ पाठ्यक्रम में अधिक रुचि ले रहे हैं।

एलयू में अब एक जगह हो सकेगा परीक्षा का मूल्यांकन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एलयू में परीक्षा के मूल्यांकन का काम पूरी तरह सेंट्रलाइज्ड होने जा रहा है। इसके लिए विवि में नए भवन का निर्माण किया गया है जिसे अगले एक से दो महीने में शुरू कर दिया जाएगा। इसके तहत एलयू व संबद्ध पांच सौ से अधिक कॉलेजों की कॉपियां एक ही जगह जांची जाएंगी। इससे विवि में एक ओर गोपनीयता सुनिश्चित करना आसान होगा। वहीं मैन पावर कम लगने के साथ ही रिजल्ट समय से निकाला जा सकेगा। विवि में अभी चार बिल्डिंगों में मूल्यांकन का कार्य हो रहा है।

एक ही जगह पर जांची जाएंगी एलयू और संबद्ध पांच सौ से अधिक कॉलेजों की कॉपियां

बीकॉम की पहली लिस्ट जारी, 17 तक लें दाखिला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसकी कटऑफ प्रतिशत अनारक्षित वर्ग 46.80%, ओबीसी 40.20%, अनुसूचित जाति 42.60% और ईडब्ल्यूएस है। मेरिट लिस्ट कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के साथ ही वेबसाइट www.abvnndc.in पर अपलोड है। जिन अभ्यर्थियों के नाम मेरिट लिस्ट में हैं वे 14 से 17 जुलाई तक मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों, टीसी, चरित्र प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र और फीस सहित कॉलेज में आकर दाखिला ले सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 5

कुलपति ने किया रुद्राभिषेक

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी संकाय में सत्रारंभ के अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रथम श्रावण सोमवार को रुद्राभिषेक पूजन किया। इस अवसर पर नवीनीकृत प्रो. कान्तिचन्द्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया गया। शिव, शक्ति तथा सौन्दर्यशास्त्रीय उच्च अध्ययन एवं शोध के लिए यूजीसी एडवांस्ड स्टडी सेंटर के रूप में अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी की स्थापना प्रो. कान्ति चन्द्र पाण्डेय द्वारा की गई थी।

लवि के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ ऐस्थेटिक्स एंड शैव फिलासफी संकाय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रुद्राभिषेक किया। • सौजन्य से लवि

10 शिक्षकों को प्रोवोस्ट और सह-प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने 10 शिक्षकों को विभिन्न छात्रावासों में प्रोवोस्ट और सह-प्रोवोस्ट के पद पर नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें विभागीय कार्यों के साथ-साथ दी गई है, जो कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगी। नियुक्त शिक्षकों में डॉ. महेन्द्र अग्निहोत्री (सुभाष छात्रावास), डॉ. अमरेंद्र के (हबीबुल्लाह छात्रावास), डॉ. चन्द्रशेखर राय (होसी जहां छात्रावास) को प्रोवोस्ट जबकि डॉ. अशोक अवस्थी, डॉ. आनंद पांडेय, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह को सह-प्रोवोस्ट बनाया गया है।

तनाव प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी और परामर्श व मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने मातृबोध परिवार के सहयोग से तनाव प्रबंधन और भावनात्मक स्थिरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी, प्रो. मधुरिमा प्रधान, डॉ. वैशाली सक्सेना उपस्थित थे।

डॉ. सुभान आलम खान बने ग्राउंड एवं गार्डन अधीक्षक

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने ओरिएंटल अरबी एवं पर्शियन विभाग के शिक्षक डॉ. सुभान आलम खान विभागीय दायित्वों के साथ-साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के ग्राउंड एवं गार्डन अधीक्षक के पद पर नामित किया गया है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी तीन वर्षों के लिए प्रभावी होगी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

लविवि में सत्रारंभ पर कुलपति ने किया रुद्राभिषेक

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को सत्रारंभ के अवसर पर अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी संकाय में लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रुद्राभिषेक पूजन तथा नवीनीकृत प्रो. कान्ति चन्द्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया।

शिव, शक्ति तथा सौन्दर्यशास्त्रीय उच्च अध्ययन एवं शोध के लिए यूजीसी एडवांस्ड स्टडी सेंटर के रूप में अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी की स्थापना प्रो. कान्ति चन्द्र पाण्डेय ने की थी। उनकी स्मृति में नवीनीकृत प्रो. कान्ति चन्द्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया गया। आदिदेव शिव मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आराध्य रहे हैं, जो सुशासन के सर्वोच्च प्रतीक हैं। विकसित भारत अभियान की सफलता में समावेश और समरसता के तत्वों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस संबंध में आचार्य अभिनव गुप्त के शैव तन्त्र से जुड़े समावेश और समरसता के सिद्धांत की बड़ी भूमिका हो सकती है।

इन पहलुओं को देखते हुए राष्ट्र कल्याण के लिए अभिनव गुप्त संकाय में विद्वानों एवं अधिकारियों द्वारा शैव आगम परम्परा का अनुगमन करते हुए शिवार्चन का अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

i-NEXT PAGE 2

एलयू में रुद्राभिषेक संग नए सेशन की शुरुआत

कांतिचंद्र पांडेय सभागार का हुआ लोकार्पण

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी में सोमवार से नए सेशन की शुरूआत हो गई. पहले दिन यूनिवर्सिटी के अभिनव गुप्त संस्थान में रुद्राभिषेक के साथ पूजा-अर्चना की गई. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने डिपार्टमेंट में नवीनीकृत प्रो. कांतिचंद्र पांडेय ऑडिटोरियम का भी लोकार्पण किया. इस ऑडिटोरियम में 100 सीट्स स्टूडेंट्स के लिए अवेलेबल हैं, इसके साथ ही एक सेंटर स्टेज, प्रॉपर वेंटीलेशन के साथ इंटरेक्टिव पैनल्स भी तैयार किए गए हैं. कार्यक्रम के दौरान डिपार्टमेंट की हेड प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज सहित विभिन्न डिपार्टमेंट्स के हेड एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे.

शैव फिलॉसफी को जानेंगे स्टूडेंट्स

अभिनवगुप्त संस्थान में जल्द ही एक थिएटर वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा. जिसके लिए 100 से ज्यादा स्टूडेंट्स रजिस्टर कर चुके हैं. इस थिएटर में आचार्य अभिनवगुप्त की शैव फिलॉसफी के मुताबिक स्टूडेंट्स भारतीय संस्कृति के बारे में जानेंगे.

HT PAGE 4

Buzz back as LU reopens after break

LUCKNOW: The buzz returned to the Lucknow University campus as the semester break ended on Monday. On a cloudy day cheer was spread by happy chatter around the canteens, as students tucked into hot snacks.

Atulit, a student of Bsc said that he is happy to return to campus. "Even though I was connected to friends over the phone throughout the semester break, returning to campus had a different feel. It feels better when we are on campus, working on various projects and events," said Atulit.

Shrishti, a final year M Com student, said that she and her friends had planned to visit a nearby cafe after classes to mark the first day of their final year. "All of us returned not just with a fresh mindset but also with several plans," she said.

A ritual was organised at Abhinav Gupta Institute of Aesthetics and Shaiva Philosophy during which vice-chancellor Alok Kumar Rai inaugurated the renovated Prof Kanti Chandra Pandey Auditorium. HTC